तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 25 जनवरी 2026



13 सशिमं खर्रा में धूमधाम से मनाई बसंत पंचमी





14 बालिकाओं को स्वास्थ्य व शिक्षा के प्रति किया जागरूक











## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होंगे कैबिनेट मंत्री गुरू खुशवंत साहेब



**बालोद।** कैबिनेट मंत्री गुरू खुशवंत साहेब 26 जनवरी को जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। गणतंत्र दिवस समारोह के कार्यक्रम अनुसार 26 जनवरी को सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में सुबह 08.58 बजे माननीय मुख्य अतिथि का आगमन, 09 बजे गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण, गार्ड ऑफ ऑनर एवं राष्ट्रगान होगा।

### मोखा में दोस्तों के बीच मारपीट, युवक घायल

**बालोद।** ग्राम मोखा निवासी दुष्यंत कुमार साहू पिता सुखचैन साहू 23 साल ने पुलिस को बताया कि 19 जनवरी को अपने दोस्त नागेश्वर मनस्वी साहू एवं भाउ के साथ करण यादव के दोस्त आशीष मंडावी, प्रकाश व एक अन्य साथी चर्चा के दौरान विवाद इतना बढ़ा कि नौबत गाली गलौज मारपीट तक आ गई। विवाद में आशीष मंडावी अपने पेंट के जेब में रखे थर्माकोल कांटने के कटर से पेट, पीठ, दाहिना कंधा के पास मारपीट किया व उनके साथी प्रकाश व एक अन्य व्यक्ति द्वारा हाथ मुक्का से मेरे साथ मारपीट किया। तब मौके पर उपस्थित मेरे अन्य साथी करण यादव, नागेश्वर, मनस्वी साहू और भाउ मौके पर बीच बचाव किये है।

### गाली गलौज करने से रोकने पर की मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** सार्वजनिक जगह पर गाली गलौज करने से मना करने पर व्यक्ति ने मना करने वाले व्यक्ति की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित ने मारपीट करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम केंवट नवागांव निवासी गुलेन्द्र कुमार ने पुलिस को बताया कि गांव के कोदू होटल के सामने रोड में मैं खडा था तभी गांव के सालिक राम ठाकुर वहां पर गाली गलौज कर रहा था, जिससे मेरे द्वारा यहां पर गाली गलौच मत करो कहने पर सालिक राम ठाकुर द्वारा मुझे गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का व पास में रखे लकडी के डण्डा को उठाकर मेरे सिर में मार दिया, मारपीट करने से मेरे सिर में चोट आया है तथा दाहिने हाथ के अंगुठा में भी चोट आया है जिससे खून निकला है एवं दाहिने गर्दन में खरोच है व दर्द हो रहा है।

**कार्रवाई :** वन विभाग की सुनियोजित कार्रवाई से अतिक्रमण प्रयास नाकाम

# दल्लीराजहरा में 35 एकड़ वनभूमि हुई अतिक्रमण मुक्त, जनहित में होगा विकास







हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

■ वन मंत्री के "संरक्षण के साथ संवर्धन" विजन को धरातल पर उतारा गया

राज्य शासन की स्पष्ट मंशा एवं प्रदेश के वन मंत्री के "संरक्षण के साथ संवर्धन" के विजन को धरातल पर उतारते हुए बालोद जिला वन मंडल अधिकारी अभिषेक अग्रवाल के नेतृत्व में दल्लीराजहरा वन विभाग ने एक बड़ी एवं सराहनीय कार्रवाई को अंजाम दिया है।वनमंडल अंतर्गत दल्ली परिक्षेत्र के कंजेली परिसर (कक्ष क्रमांक 55 आर.एफ.) में लगभग 35 एकड़ आरक्षित वनभूमि को अतिक्रमण से पूर्णतः मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई पुलिस, प्रशासन एवं संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सहयोग से सुनियोजित एवं वैज्ञानिक पद्धति से संपन्न हुई।

गत मंगलवार को अतिक्रमण की सूचना मिलते ही विभागीय अधिकारियों द्वारा तत्काल स्थल निरीक्षण किया गया। वन मंत्री के निर्देशानुसार वनभूमि पर अतिक्रमण के प्रति सख्त एवं त्वरित कार्यवाही की नीति के तहत संयुक्त वन प्रबंधन ⏭ शेष पेज 12 पर

### शासन की नीति को मिला मजबूत आधार



यह कार्रवाई वन मंत्री के दूरदर्शी विजन, राज्य शासन की सख्त नीति एवं वन विभाग की प्रतिबद्ध कार्यप्रणाली का सशक्त उदाहरण है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि जिले में वन संरक्षण अब केवल नीतियों तक सीमित नहीं, बल्कि प्रभावी धरातली कार्रवाई बन चुका है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वन भूमि पर अतिक्रमण किसी भी तरह बर्दाश्त नहीं होगी, चाहे वह कोई भी हो शासन के नियमानुसार जनहित में लोगों को लाभ मिल सके इस तरह के कार्य प्रस्तावित किए जाएंगे।

# वन माफियाओं पर वन विभाग का करारा प्रहार

## अवैध लकड़ी जब्त, हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा



वनमंडल के अंतर्गत अवैध लकड़ी तस्करी और वन अपराधों के खिलाफ वन विभाग द्वारा लगातार सख़्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज गश्ती के दौरान लोहरा परिक्षेत्र अंतर्गत झरनटोला परिसर में बड़ी सफलता हाथ लगी है।

वन विभाग की टीम ने मौके से अवैध रूप से संगृहीत 14 नग लकड़ी (कुल 0.464 घन मीटर लट्ठा एवं चिरान) जब्त की है। यह कार्रवाई सहायक परिक्षेत्र अधिकारी एवं परिसर रक्षकों द्वारा मुस्तैदी के साथ की गई। मौके पर ही वन अपराध प्रकरण दर्ज कर लिया गया है तथा जब्त काष्ठ को सुरक्षित अभिरक्षा में ले लिया गया है। गौरतलब है कि क्षेत्र में लंबे समय से वन माफियाओं द्वारा विभिन्न प्रजातियों की लकड़ियों का अवैध कटान एवं चिरान कर संग्रहण किया जा रहा था। लेकिन वन विभाग की लगातार धड़ाधड़ कार्रवाई से अब अवैध लकड़ी ⏭ शेष पेज 12 पर

# गणतंत्र दिवस समारोह के लिए हुआ अंतिम अभ्यास



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिला मुख्यालय बालोद स्थित स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह का सफल एवं गरिमामय आयोजन सुनिश्चित करने हेतु अंतिम अभ्यास सम्पन्न किया गया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में समारोह का अंतिम अभ्यास सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं अजय किशोर लकरा, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### ट्राईसीकल सवार को कार ने मारी टक्कर, मौके पर हुई मौत

**बालोद।** ट्राईसीकल चलाकर घर आ रहे व्यक्ति को कार ने ठोकर मार दी। घटना में ट्राईसीकल सवार व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। जिसके बाद गांव के व्यक्ति द्वारा कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 106(1), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम परसाही निवासी हेमलाल यादव पिता स्व0 बृजलाल यादव 58 ने पुलिस को बताया कि हमारे गांव का नारायण यदु पिता स्व0 चुरामन यदु 60 वर्ष ग्राम राहुद से ग्राम परसाही अपने ट्राईसीकल को चलाते अपने घर आ रहा था। लगभग शाम 07:15 बजे कीर्तन साहू के घर के सामने ग्राम राहुद मेन रोड में परसाही से राहुद की ओर आ रही वाहन कार सीजी 04 एनडी 2038 का चालक ग्राम राहुद रेमन सिंह साहू ने सामने से नारायण यदु को ट्राईसीकल सहित ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे नारायण यदु के सिर में गंभीर चोट लगने से नारायण यदु की मौके पर ही मृत्यु हो गई, वहां पर ग्राम राहुद के सरपंच पति नेपाल साहू, दिनेश साहू, तोषू साहू, कीर्तन साहू और ग्राम के बहुत लोग थे। वे लोग भी मुझे बताये कि कार सीजी 04 एनडी 2038 का चालक रेमन सिंह साहू ग्राम राहुद कार को तेज एवं लापरवाही और खतरनाक ढंग से चलाते हुए नारायण यदु को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है, जिससे नारायण यदु को गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मृत्यु हो गई है।

# जिला स्तरीय मां परमेश्वरी महोत्सव 31 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर



■ पूर्व सीएम भूपेश बघेल होंगे शामिल

जिला देवांगन समाज बालोद के तत्वाधान में देवांगन समाज की कुलदेवी मां परमेश्वरी की जयंती के उपलक्ष में जिला स्तरीय मां परमेश्वरी महोत्सव 2026 का आयोजन 31 जनवरी को गुरुर ब्लॉक के ग्राम पेंडरवानी में हाई स्कूल मैदान पेण्डरवानी में किया गया है।

जिसमे सुबह 9:30 बजे मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना, सुबह 10 बजे कलश शोभायात्र एवं ग्राम भ्रमण, दोपहर 12 बजे मां परमेश्वरी की महाआरती, दोपहर 12:30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, दोपहर 2 बजे अतिथि स्वागत, दोपहर 3 बजे प्र छात्र छात्रओ का सम्मान, दोपहर 4 बजे वरिष्ठ सामाजिक सदस्यो का सम्मान, शाम 5 बजे आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम समापन होगा।

जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष देवांगन समाज बालोद दीपक देवागन करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, विधायक धमतरी ओकार साहू, पूर्व महापौर धमतरी विजय देवांगन, नगर पंचायत अध्यक्ष चिखलाकसा कुंती देवांगन होंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व सभापति जिला पंचायत बालोद, पूर्व अध्यक्ष जिला देवांगन समाज बालोद केदार देवांगन, पूर्व अध्यक्ष जिला देवांगन समाज बालोद बीएल देवांगन, अध्यक्ष जिला देवागन समाज धमतरी विनय देवांगन, पूर्व सचिव जिला देवागन समाज बालोद वेदलाल देवांगन, जनपद सदस्य लोहारा दुलारी देवांगन, सरपंच ग्राम पंचायत अरकार खेमलाल देवांगन, सरपंच ग्राम पंचायत पेण्डरवानी त्रिलोकी साहू, नेमीचंद देवांगन रहेंगे। विशेष अतिथि अध्यक्ष महिला प्रकोष्ट जिला देवांगन समाज बालोद केसर देवांगन, अध्यक्ष युवा प्रकोष्ट जिला देवांगन समाज बालोद टिकेन्द्र देवांगन उपस्थित रहेंगे। वही जिला देवांगन ⏭ शेष पेज 12 पर




## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस पर प्रतिभाशाली कलाकार देंगे प्रस्तुति

**भिलाई।** सिंधु भवन, सेक्टर 4 में 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में सिंधी ब्रादर मंडल के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक अध्यक्ष राकेश नागदेव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुबह 10 बजे सिंधु भवन में ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण के साथ हमारी आन, शान और गौरव का प्रतीक तिरंगा फहराया जाएगा। कार्यक्रम के पश्चात समाज के प्रतिभाशाली कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें दिलीप खटवानी, अजय सचदेव, सुशील हरिरामानी, निशा अंबवानी सहित अन्य सदस्य शामिल होंगे। यह कार्यक्रम समाज के संरक्षक एवं मार्गदर्शक के डी वाधवानी, जी डी जसवानी, एसी छबलानी, अशोक मूलचंदानी एवं सुरेश रत्नानी के आतिथ्य में आयोजित होगा। कार्यक्रम प्रभारी उधवदास दावड़ा ने समाज के सभी सदस्यों से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। बैठक में राकेश नागदेव, मनोहर मलकानी, राजकुमार खटवानी, सुरेश नागदेव, नरेश माखीजानी, संतोष मेहरचंदानी, हरीश आर्य, संजय होतवानी, रमेश लालवानी, ठाकुर साधवानी आदि उपस्थित थे।

### याद किया मंत्री उदयराम का योगदान

**सेलूद।** पाटन के पूर्व विधायक व मंत्री जी के नाम से जाने जाने वाले स्वर्गीय उदयराम वर्मा की 47 वी पुण्यतिथि उनके मूर्ति स्थल ग्राम सेलुद में मनाई गई। इस अवसर पर ऊनके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यो को याद किया गया। इस दौरान युवा सरपंच खिलेश मार्कण्डेय ने मूर्ति स्थल पर शेड निर्माण व रखरखाव के लिए घोषणा की। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच खिलेश मार्कण्डेय, पूर्व सरपंच खेम लाल साहू, ग्राम प्रमुख सुरेंद्र बंछोर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा,मनहरण लाल वर्मा, तिलक मढरिया, विजय नायक, अनूप बिजौरा, नरसिंह कश्यप, हेमंत वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, टिकेंद्र वर्मा, ललित वर्मा, कमला बघेल, निर्मला वर्मा, लता मढरिया, वत्सला नायक, मयंक नायक, चंद्रकला बिजौरा, शशि कश्यप, रमेश कश्यप, रामकुमार वर्मा, पुनितराम साहू, घनश्याम कश्यप, दिलीप बंछोर, जवाहर साहू व अन्य मौजूद रहे।

## निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर संभागायुक्त ने ली बैठक

# 14 फरवरी तक की जाएगी एसआईआर की सुनवाई व सत्यापन, 21 तक होगा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष दुर्ग में संभागायुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर सत्यनारायण राठौर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 27 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ होकर 21 फरवरी 2026 तक संपादित किया जाएगा। संभागायुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर श्री राठौर ने बताया कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची से जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाई है, उन्हें निर्वाचन सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा नोटिस जारी कर सुनवाई की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। सुनवाई के दौरान मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है, जिसके पश्चात ईआरओ द्वारा अंतिम आदेश पारित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा दावा-आपत्ति के लिए निर्धारित समय-सीमा समाप्त हो चुकी है। प्राप्त आवेदनों का निराकरण 24 फरवरी 2026 तक संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालयों में किया जाएगा।

बैठक में विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा, महापौर अलका बाघमार, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, विधानसभा क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, वैशाली नगर, भिलाई नगर, पाटन एवं अहिवारा के ईआरओ आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग, भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरोदा तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### बड़े पंचायत क्षेत्रों में अतिरिक्त ईआरओ अधिकारी की नियुक्ति के निर्देश




### बिना सुनवाई के मतदाताओं का नहीं काटा जाएगा नाम

संभागायुक्त श्री राठौर ने कहा कि पूरी प्रक्रिया अत्यंत सावधानी और पारदर्शिता के साथ की जा रही है तथा बिना सुनवाई के किसी भी मतदाता का नाम नहीं काटा जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि वार्ड स्तर पर अधिक से अधिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए तथा जहां बड़े पंचायत क्षेत्र हैं, वहां अतिरिक्त ईआरओ अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में वर्तमान में चल रही प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की।

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की सभी शंकाओं का किया गया समाधान

उप जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह ने भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की शंकाओं का समाधान से संबंधित विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अवगत कराया कि 6 पूर्ण तथा 2 आंशिक विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर जिले में कुल 1742 पोलिंग स्टेशन है जिनमें पाटन विधानसभा क्षेत्र में 278 मतदान केंद्र, दुर्ग ग्रामीण में 263, दुर्ग शहर में 275, भिलाई नगर में 192, वैशाली नगर विधानसभा में 293, अहिवारा में 305, साजा आंशिक, विधानसभा क्षेत्र में 112, बेमेतरा आंशिक, में 24 मतदान केंद्र शामिल है। इसी प्रकार इन विधानसभाओं में 22 दिसंबर 2025 की स्थिति में कुल 1203444 मतदाता दर्ज है। जिनमें पाटन विधानसभा क्षेत्र में 2,02,836 मतदाता, दुर्ग ग्रामीण में 1,89,738 मतदाता, दुर्ग शहर में 1,88,754, भिलाई नगर में 121047, वैशाली नगर विधानसभा में 200882, अहिवारा में 200891, साजा आंशिक विधानसभा क्षेत्र में 82515, बेमेतरा आंशिक में 16781 मतदाता दर्ज हैं।

## रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाएं बढ़ाने विधायक ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

भिलाई नगर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर विधायक देवेंद्र यादव ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा

- एमआईसी सदस्य पार्षद लक्ष्मीपति राजू ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

है। इसके साथ ही उन्होंने बिलासपुर रेलवे जोन के महाप्रबंधक तथा रायपुर रेलवे मंडल के मंडल रेल प्रबंधक डीआरएम को भी पत्र प्रेषित किया है।

विधायक यादव ने आगामी रेल बजट वित्तीय वर्ष 2026-27 में भिलाई नगर रेलवे स्टेशन पर टिकट आरक्षण केंद्र और ई-लाइब्रेरी की स्थापना की मांग की है, ताकि यात्रियों एवं विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस संबंध में सेक्टर-7 के पार्षद और महापौर परिषद के स्वच्छता विभाग के अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू ने विधायक देवेंद्र यादव को मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे लाइन के किनारे स्थित भिलाई नगर रेलवे स्टेशन का उपयोग भिलाई टाउनशिप, रिसाली, मरोदा, नेवई, उतई सहित दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ एवं अन्य महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं, नौकरीपेशा कर्मचारी एवं व्यापारी बड़ी संख्या में करते हैं। लक्ष्मीपति राजू ने बताया कि भिलाई नगर रेलवे स्टेशन पर टिकट आरक्षण केंद्र न होने के कारण यात्रियों को दुर्ग अथवा पावर हाउस स्टेशन जाना पड़ता है, जिससे उन्हें समय, धन एवं असुविधा का सामना करना पड़ता है। साथ ही भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत देश के विभिन्न राज्यों से आए कर्मचारी भी रेल यात्रा के लिए इसी स्टेशन पर निर्भर हैं, जिन्हें आरक्षण सुविधा के अभाव में व्यवहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



### रेलवे स्टेशन में विद्यार्थियों के लिए ई-लाइब्रेरी की आवश्यकता

पार्षद और एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू ने कहा कि भिलाई की पहचान प्रदेश व देश में शिक्षा नगरी के रूप में है। यहां विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग संस्थाएं संचालित हैं, जहां बड़ी संख्या में युवा अध्ययनरत हैं। कई बार ट्रेनों के विलंब से छात्र-छात्राओं को लंबे समय तक प्लेटफार्म पर प्रतीक्षा करनी पड़ती है। यदि रेलवे स्टेशन पर ई-लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध हो जाती है, तो विद्यार्थी इस समय का सकारात्मक एवं शैक्षणिक उपयोग कर सकेंगे। विधायक देवेंद्र यादव ने इसे जनहित से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताते हुए रेल मंत्री को पत्र लिखकर भिलाई नगर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांग की है, जिससे आम नागरिकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को सीधा लाभ मिल सके।

## शेड्यूल एम से 6,500 से अधिक फार्मा एमएसएमई के बंद होने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग



छत्तीसगढ़ केमिस्ट्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (सीसीडीए) ने केंद्र सरकार को आगाह किया है कि संशोधित शेड्यूल-एम(गुड मैन्यूफैक्चरिंग पैर्क्टिसेस) के वर्तमान क्रियान्वयन से देशभर में 6,500 से अधिक फार्मा एमएसएमई इकाइयों के बंद होने का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। दवा गुणवत्ता को अंतर्राष्ट्रीय मानकों तक ले जाने का उद्देश्य सराहनीय है, लेकिन नीति निर्माण में फार्मा एमएसएमई सेक्टर के जॉब वर्क (कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग) मॉडल, जिस पर लगभग 70 प्रतिशत छोटी इकाइयां निर्भर हैं, उसे पूरी तरह नजरअंदाज किया जाना गलत है। इस संबंध में सीसीडीए जनरल सेक्रेटरी अविनाश अग्रवाल ने कहा कि संशोधित शेड्यूल-एम के अनुपालन हेतु एमएसएमई इकाइयों को 30 से 50 प्रतिशत तक अतिरिक्त पूंजी एवं परिचालन व्यय वहन करना पड़ रहा है, जबकि ड्रग प्राइस कंट्रोल ऑर्डर (डीपीसीओ) के अंतर्गत एनपीपीए द्वारा निर्धारित जॉब वर्क कन्वर्ज़न दरें पिछले 12 वर्षों से लगभग अपरिवर्तित बनी हुई हैं। वर्ष 2013-14 से अब तक महंगाई 65-70 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है, वहीं बिजली, श्रम, कच्चे माल और अनुपालन लागत में भारी वृद्धि हुई है। श्री अग्रवाल ने कहा है कि उद्योग के आकलन के अनुसार, शेड्यूल-रू अनुपालन के लिए प्रति इकाई 10-15 करोड़ तक का निवेश आवश्यक है। इसके बावजूद अब तक केवल 21.53 प्रतिशत एमएसएमई इकाइयों ने ही अपने अपग्रेडेशन प्लान प्रस्तुत किए हैं। मौजूदा परिस्थितियों में अनुमान है कि करीब 60 प्रतिशत इकाइयाँ वित्तीय रूप से अस्थिर होकर बंद होने को मजबूर हो सकती हैं। संगठन ने केन्द्र सरकार से डीपीसीओ के अंतर्गत जॉब वर्क कन्वर्ज़न दरों का तत्काल पुनरीक्षण, संशोधित शेड्यूल-एम के अनुरूप एस्योरड प्राईसिंग मैकेनिज्म लागू करने और 2024-26 की वास्तविक लागत संरचना को दर निर्धारण में शामिल करने मांग की है।

### पुस्तकालय में सरस्वती पूजन का आयोजन

**दुर्ग।** बसंत पंचमी पर दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में ज्ञान, विद्या और बुद्धि की देवी माँ सरस्वती का विधिवत पूजन कुलसचिव डॉ. बीपी राठिया, निदेशक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जीके दत्ता, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मंजू रॉय, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, अंजोरा डॉ. संजय शाक्य, अधिष्ठाता मात्सिकी महाविद्यालय, कवर्धा उपकुलसचिव डॉ.एम.के.गेंदले, पुस्तकालयाध्यक्ष जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दिलीप चौधरी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एसपी इंगोले, डॉ. केशब दास, डॉ. एसके तिवारी, डॉ. किशोर मुखर्जी सहित कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में किया गया। सभी ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ उनसे ज्ञानवृद्धि एवं सफलता की कामना की।

## मां परमेश्वरी जयंती पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

बसंत पंचमी के पावन पर्व देवांगन समाज की ईष्ट देवी मां परमेश्वरी जयंती पर दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम थनौंद, विनायकपुर, मचान्दूर में देवांगन

- थनौंद, विनायकपुर व मचान्दूर में मां परमेश्वरी जयंती आयोजित

समाज द्वारा मंडल स्तरीय मां परमेश्वरी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए। मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। देवांगन समाज द्वारा मां परमेश्वरी जयंती पर भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई। मां परमेश्वरी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर विशेष पूजा-अर्चना एवं सेवा भजन किया गया। समाज के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति प्रदान किया। साथ ही समाज के प्रतिभाव छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि देवांगन समाज मेहनती समाज के रूप में माना जाता है राज्य के विकास में समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आगे चंद्राकर ने वसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा भारत की सांस्कृतिक परंपराओं में बसंत पंचमी का विशेष स्थान है। यह पर्व न केवल ऋतु परिवर्तन का संकेत देता है ।



## तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा... के जरिए आजादी का बिगुल फूंकने वाले नेताजी आज भी युवाओं के प्रेरणास्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

आज़ाद हिंद फौज के संस्थापक और नेताजी के नाम से विख्यात सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कांग्रेस भवन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात कांग्रेसजनों ने शहीद चौक पहुंचकर नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें नमन कर उनके बलिदान व योगदान को याद किया।

अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे महानायक थे, जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा का नारा केवल शब्द नहीं था, बल्कि करोड़ों भारतीयों के दिलों में आज़ादी की ज्वाला जगाने का संकल्प था। नेताजी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के सामने झुकने के बजाय सशस्त्र संघर्ष का मार्ग चुना और आज़ाद हिंद फौज का गठन कर भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई को अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे। नेताजी का राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और संगठन शक्ति आज की पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम में पूर्व महापौर आरएन वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, ब्लॉक अध्यक्ष अल्ताफ़ अहमद, मनीष बघेल, देवश्री साहू, परमजीत भुईं, राजकुमार पाली, नंदकिशोर शर्मा, विजेंद्र भारद्वाज सहित अन्य मौजूद थे।



### ग्रामीण उतरे क्रिकेट के मुकाबले में

**पाटन।** तेलीगुण्डरा इलेवन क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रतिनिधि अशोक साहू ने किया। अध्यक्षता जनपद सदस्य दिनेश साहू ने की। विशेष अतिथि हुलेश्वरी बीरेंद्र साहू सरपंच,दिनेश साहू पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू संघ,मनीष पटेल पूर्व सरपंच,प्राचार्य साहू,ओमप्रकाश साहू और अजय वर्मा ने छत्तीसगढ़ महतारी के तेलचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर की। इस दौरान एम आर एफ हिरवानी, रॉकी, योगेश, भास्कर, कोमल, नेमेश, योगेन्द्र आदि उपस्थित थे।

## अनुविभागीय अधिकारी प्रतिमा ठाकरे झा का राज्य स्तरीय समारोह में होगा सम्मान

**बालोद।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में जिले के गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अनुविभाग गुण्डरदेही में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी प्रतिमा ठाकरे झा को सम्मानित किया जाएगा। 25 जनवरी को इंदिया गांधी कृषि महाविद्यालय रायपुर में राष्ट्रीय मतदामा दिवस 2026 का राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमे पूरे प्रदेश में पांचो संभाग में से एक श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी को सम्मानित किया जाएगा। बालोद जिले के लिए यह गौरव की बात है कि दुर्ग संभाग से एकमात्र बालोद जिला में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी प्रतिमा ठाकरे झा का चयन ईआरओ पुरस्कार हेतु हुआ है। समारोह 11 बजे प्रारंभ सम्मान समारोह में अनुविभागीय अधिकारी प्रतिमा ठाकरे झा को सम्मानित किया जाएगा। इनके साथ ही राज्य स्तरीय समारोह में सहायक प्रोग्रामर पुरस्कार हेतु जिले में पदस्थ सहायक प्रोग्रामर सोनम सिंह राजपूत को भी सम्मानित किया जाएगा। पुरे प्रदेश में प्रत्येक संभाग से एक सहायक प्रोग्रामर को सम्मानित किया जा रहा है। दुर्ग संभाग में ईआरओ पुरस्कार एवं सहायक प्रोग्रामर पुरस्कार दोनो ही प्राप्त करने वाले बालोद जिले के है।



### सीनियर वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में महिला खिलाड़ी बनीं उपविजेता



**बालोद।** 9 जनवरी से 11 जनवरी तक रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर वेटलिफ्टिंग चौंपियनशिप में बालोंद जिला से कुल 8 महिला खिलाड़ी एवं 8 पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें महिला खिलाड़ियों ने कुल 163 अंक लेकर उप विजेता बने। इस प्रतियोगिता के आधार पर बालोद जिला के महिला खिलाड़ी कुमारी चंचल रावते और कुमारी चंद्रहासिनी पाटिल का चयन मोदी नगर उत्तर प्रदेश में 4 से 12 फरवरी तक होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। इसी प्रकार नेशनल ट्राइबल गेम जो अगले माह 14 फरवरी को रायपुर में आयोजित होने वाली है, इसके लिए भी बालोद जिला के महिला खिलाड़ी कुमारी चंचल राउत, कुमारी पुष्पा धुरव, कुमारी हेम शिखा, कुमारी हेमा मंडावी का चयन हुआ है। इस उपलब्धि के लिए बालोद जिला कलक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, बालोद जिला वेटलिफ्टिंग के अध्यक्ष आरपी यादव, बालोद जिला वेटलिफ्टिंग सचिव नरेंद्र कुमार साहू, कोच प्रकाश देशमुख जीतेंद्र पटेल, संतोष वासनिक संतोष वासनिक, संदीप दुबे, शार्दुल, मीनपाल, कन्हैया शर्मा एवं फिटनेस वर्ल्ड जिम बालोद के सदस्य आकाश मेश्राम, सुषमा ढीमर, रिया ठाकुर, भूमिका ढीमर, दीपांशु साहू सहित समस्त सदस्यों ने हर्श व्यक्त की।

## पेज 11 के शेष...

### दल्लीराजहरा में 35...

समिति के साथ कार्ययोजना तैयार कर अतिक्रमण के प्रयास को पूरी तरह विफल किया गया।

**कानून का कड़ाई से पालन-** अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है तथा क्षति वसूली की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही, वन मंत्री के स्पष्ट संदेश के अनुरूप कि “लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है”, जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित बीटगार्ड को निलंबित एवं सहायक परिक्षेत्र अधिकारी को उनके कार्यक्षेत्र से हटाया गया है। मुक्त कराई गई वनभूमि पर वन मंत्री के विजन के अनुरूप वनवर्धन, चारागाह विकास एवं सामुदायिक सहभागिता आधारित योजनाएं प्रस्तावित की जा रही हैं, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को लाभ मिलेगा और पर्यावरण संतुलन भी सुदृढ़ होगा। मामले में जिला वन मंडल अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने हरिभूमि से कहा कि प्रदेश के वन मंत्री एवं राज्य शासन का स्पष्ट निर्देश है कि वनभूमि का संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता है। वन विभाग ने समन्वित प्रयासों से 35 एकड़ वनभूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। भविष्य में भी शासन की मंशा के अनुरूप वन संरक्षण, जनहित और सतत विकास के लिए कठोर एवं पारदर्शी कार्यवाही जारी रहेगी।

### वन माफियाओं पर...

तस्करों में हड़कंप मच गया है। स्थिति यह है कि कई वन माफिया भूमिगत होने को मजबूर हो गए हैं। वन अपराध अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और दोषियों की पहचान कर आगे की कानूनी प्रक्रिया तेज़ी से जारी है। **वन संपदा की रक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताः अग्रवाल-** इस संबंध में जिला वन मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वन संपदा की रक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अवैध कटाई, लकड़ी तस्करी एवं वन अपराध में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। वन विभाग पूरी सख़्ती से कार्रवाई कर रहा है और आगे भी यह अभियान और तेज़ किया जाएगा। वन माफियाओं के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है।”वन विभाग की इस सख़्त और निरंतर कार्रवाई से यह साफ संदेश गया है कि वनों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के लिए अब क्षेत्र में कोई जगह नहीं है। आने वाले दिनों में भी विशेष गश्त, छापेमारी और कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

### जिला स्तरीय मां...

समाज बालोद में अध्यक्ष दीपक देवांगन, उपाध्यक्ष भारती देवांगन, बेनीराम देवांगन, सचिव मूलचंद देवांगन, सहसचिव किशन लाल देवांगन, जिवन लाल देवांगन, कोशाध्यक्ष पंचूराम देवांगन, मिडिया प्रभारी दिनेश देवांगन, विधि सलाहकार टुकेश्वर देवांगन, प्रवक हर्शा देवांगन, संरक्षक पुष्पा लिमजे, धनंजय देवांगन, नरेन्द्र देवांगन, ताम्रध्वज देवांगन, जगदेव देवांगन, सुरेन्द्र देवांगन, केदारनाथ देवांगन, सलाहकार रोहित देवांगन, रामखिलावन देवांगन, मोहित देवांगन, एमएल देवांगन, डेरहाराम देवांगन, देवधर देवांगन, बीएल देवांगन, कार्यकारिणी नरेन्द्र देवांगन, बिसेलाल देवांगन, भुशण लाल देवांगन, खिलावन देवांगन, योगेश्वर देवांगन, गिरधारी देवांगन, टहल सिंह देवांगन उपस्थित रहेंगे।

## संदिग्धों को पकड़ने पहुंची पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

शहर में बाहरी संदिग्ध किस्म के लोगों को तलाश करने टीम पहुंची थी। इस दौरान दुर्ग पुलिस ऑपरेशन विश्वास के तहत अभियान चलाकर भोर में वैशाली नगर क्षेत्र में पहुंची। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि जिले में शान्ति व्यवस्था कायम रखने निचली बस्तियों, अटल आवास, वाम्बे आवास में छिपकर रहने वाले संदिग्धों, अवैध हथियार, नशे की सामग्री रखने वालों की चेकिंग की गई। वैशाली नगर थाना क्षेत्रांतर्गत जवाहर नगर स्थित निचली बस्ती अटल आवास, वॉम्बे आवास के 90 मकानों में छिप कर रहने वाले संदिग्ध व्यक्तियों, अवैध हथियार, नशे की सामग्री रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने 44 से अधिक अधिकारी कर्मचारी पहुंचे। अभियान के तहत मकानों की तलाशी ली गई।

## हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में मनी बसंत पंचमी

**भिलाई।** हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को विद्यालय परिसर में सरस्वती पूजा बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इन्फ्रास्ट्रक्चर निदेशक बृजमोहन उपाध्याय, संयुक्त सचिव उमाकांत मिश्र, अकादमिक कोऑर्डिनेटर वेदप्रकाश बाजपेई एवं अकादमिक कोऑर्डिनेटर हरविंदर कौर संधू द्वारा श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया गया। संचालन कार्यक्रम प्रभारी पूजा मजूमदार के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर ज्ञान, बुद्धि एवं विद्या की देवी माँ सरस्वती के महत्व को रेखांकित किया गया तथा सांस्कृतिक मूल्यों के साथ-साथ शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को भी दर्शाया गया। जो हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की समग्र एवं सर्वांगीण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हैं।



## खबर संक्षेप

### विनायकपुर में भव्य मड़ई मेला महोत्सव 31 को

**अंडा।** ग्राम विनायकपुर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य मंडई मेला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस मेले को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि मंडई मेला ग्राम की परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जिसमें दूर-दराज से लोग भाग लेने और मेले का आनंद लेने पहुंचते हैं। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
कार्यक्रम के तहत 31 जनवरी 2026, शनिवार को रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें रायपुर की प्रसिद्ध लोकधारा सांस्कृतिक टीम द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी, जो रात 10:30 बजे से प्रारंभ होगी।
कार्यक्रम स्थल बाजार चौक, ग्राम विनायकपुर, जिला दुर्ग निर्धारित किया गया है। मंडई मेला महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में गजेंद्र यादव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ललित चंद्राकर करेंगे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में प्रीतपाल बेलचंदन, सरपंच योगेंद्र दिल्लीवार शामिल होंगे।

### युवकों ने किया हमला पीड़ित के सिर में चोट

**बालोद।** चौक में बैठे युवक से वाहन सवार युवको ने गाली गलौज व मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित ने तीन युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम भीमकन्हार रोशन कुमार खरे ने पुलिस को बताया कि शाम 08 बजे ग्राम पंचायत भीमकन्हार के सामने अण्डा दुकान के पास अपने साथी नरेन्द्र श्रीवास, तुलसी रावटे के साथ आग ताप रहे थे उसी समय गोपी, विक्रम, राबीन एक मोटर सायकल में गारका तरफ से भीमकन्हार आये, उस समय हम तीनो आपस में बात कर रहे थे तो तीनो लड़के हम लोगो को गाली दे रहे हो कहकर तीनो लड़के गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर झगड़ा विवाद कर तीनो चले गये, जो कुछ देर बाद पुनः तीनो लड़के आकर झगड़ा विवाद गाली गलौज कर हाथ मुक्का से व एक लड़के ने हाथ में पहले चूड़ा से मारपीट किया जिससे मेरे सिर के बांये तरफ चोट आया।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नये मतदाताओं का सम्मान और शपथ कार्यक्रम

**बालोद।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमापारा बालोद में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नये मतदाताओं का सम्मान कर सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई जाएगी। इस दौरान निर्वाचन के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रें के बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजर तथा महाविद्यालयीन एवं स्कूल स्तरीय मतदाता जागरूकता पर आधारित रंगोली, निबंध एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### अछोटी में लोक संस्कृति कार्यक्रम आज

**अंडा।** ग्राम-अछोटी भांठा आज 25 जनवरी रात्रि 8 बजे से लोक संस्कृति संचालन एवं भजन गायिका सुनीता मारकण्डे, अध्यक्ष गीतु देशमुख सचिव रिन्की देशमुख सहायक-गीतु, रिन्की, हेमा, प्रेरणा नृत्य-मोहिनी, कशक, मुरकान, राधिका, नीलम हेमा, मोनिका, दीपिका, गीता, कशिश उपस्थित रहेंगे।

### युवाओं को दी गई पॉक्सो एक्ट पर विस्तृत जानकारी

**डौंडी।** विकास खंड डौंडी अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटागांव में जन-जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र में ट्रेनिंग एसोसिएट भुनेश्वरी कोर्राम द्वारा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बताया कि बच्चों के साथ किया जाने वाला शारीरिक, मानसिक, यौनिक, भावनात्मक एवं डिजिटल स्तर का दुर्व्यवहार बाल शोषण की श्रेणी में आता है।

**आयोजन : बच्चों तक पहुंचा जीवन मूल्यों, अनुशासन और देशभक्ति का संदेश**

# टटेंगा में उत्साहपूर्वक मनी बसंत पंचमी व सुभाष चंद्र बोस जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में बसंत पंचमी एवं महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुई, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य आर.के. देवांगन, वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक एवं टी.एल. देवांगन ने पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता बिंदु पटेल द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, वहीं व्याख्याता रेशमी साहू ने माँ सरस्वती की आराधना स्वरचित कविता के माध्यम से की। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, संघर्ष एवं देशभक्ति पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। प्राचार्य आर.के. देवांगन ने अपने संबोधन में कहा कि माँ सरस्वती ज्ञान, विद्या, बुद्धि एवं कला की अधिष्ठात्री



देवी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण का मूल मंत्र दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने बताया कि माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को माँ सरस्वती का प्रकटोत्सव मनाया जाता है। साथ ही उन्होंने ऋतुराज बसंत एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रति समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए मानसेवी भृत्य कुंदन यादव का सम्मान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, पीटीआई रीना बोरकर, लाइब्रेरियन भागवत साहू, सहायक शिक्षक विज्ञान वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, सहायक ग्रेड-2 चंद्र प्रकाश सोनबोईर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, बिंदु साहू सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सशिमं खर्रा में धूमधाम से मनाई बसंत पंचमी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सरस्वती शिशु मंदिर खर्रा में बसंत पंचमी का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और सांस्कृतिक के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्या फलदेव साहू ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें मां सरस्वती की तैलचित्र की पूजा अर्चना व हवन पूजन के साथ की गई। इस अवसर पर भैया बहनों द्वारा मधुर स्वर में सरस्वती वंदना का सामूहिक गायन प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्या कहा कि ऐसे सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन तथा शिक्षा के प्रति श्रद्धा का भाव विके हैं।

भैया बहनों को अवगत कराया कि विद्यारंभ संस्कार भारतीय संस्कृति की एक महत्वपूर्ण परंपरा है, जिसका उद्देश्य बच्चों में ज्ञान, संस्कार एवं शिक्षा के प्रति सकारात्मक भाव विकसित करना है। बसंत पंचमी जैसे शुभ दिन पर शिक्षा आरंभ करना अत्यंत मंगलकारी माना जाता है। कार्यक्रम में आचार्य सुखीत कलिहारी, कामता प्रसाद साहू, दीदी छबिलता पटेल, लिलेश्वरी साहू, रंजना सिन्हा, रेणुका सिन्हा, ईश्वरी ठाकुर, दिव्यानी सेन एवं बाल भारती व शिशु भारती के पदाधिकारी का योगदान था।

## बालोद में भाजपा की अहम बैठक संगठनात्मक मजबूती पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की अध्यक्षता में प्रदेश महामंत्री, संभाग प्रभारी एवं सह–प्रभारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पार्टी संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन भी सम्मिलित हुए। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि पार्टी के सभी स्तरों पर संगठनात्मक संरचनाओं का गठन इस माह के अंत तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जोंने कहा कि सशक्त संगठन ही पार्टी की शक्ति है तथा आगामी कार्यक्रमों की सफलता का आधार भी है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पार्टी के सभी मोर्चों का गठन जनवरी माह में ही पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा सके।प्रदेश



अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जी राम जी जन जागरण अभियान को लेकर विशेष निर्देश देते हुए कहा कि इस अभियान में सभी जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि अभियान को जन–जन तक पहुँचाया जा सके। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप संगठनात्मक कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का संकल्प लिया। इस बैठक में प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी एवं नवीन मार्कंडेय, संभाग प्रभारी एवं सह–प्रभारी अभिषेक शुक्ला, हरपाल भमरा तथा डॉ. राजीव सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## जंगल में महिला का सड़ा-गला शव मिलने से सनसनी

### पत्थरों से दबाया गया शव, हत्या की आशंका

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक मुख्यालय के ग्राम गुरामी से लगे जंगल में शनिवार सुबह एक महिला की सड़ी-गली शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। भेजरा पठार खार से लगे नाले के पास सुबह करीब 11 बजे खेत की ओर गए एक ग्रामीण, खेत मालिक पवन सिन्हा ने शव को सबसे पहले देखा। इसके बाद ग्रामवासियों को सूचना दी गई और पुलिस को अवगत कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शव लगभग 5–6 दिन पुराना बताया जा रहा है, जो सड़-गल चुका था और उससे तेज दुर्गंध आ रही थी। शव को पत्थरों से पूरी तरह ढक दिया गया था, केवल पैर के पंजे और शरीर के कुछ हिस्से ही दिखाई दे रहे थे। इससे प्रथम दृष्टया यह आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या कर शव को जंगल में पत्थरों से दबाया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस की प्रारंभिक जांच में अज्ञात महिला की पहचान पाररास निवासी कमला बाई राजपूत (उम्र लगभग 35 वर्ष) के रूप में हुई है, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पूर्व में बालोद थाने में दर्ज थी। सूचना मिलने पर महिला के परिजन भी मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। शव की पहचान हाथ में बने गोदना, पहनी हुई साड़ी और अन्य वस्तुओं के आधार पर की गई। फिलहाल पुलिस ने प्रार्थी पवन सिन्हा की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है और जांच प्रक्रिया जारी है।

## किल्लेकोड़ा शाला में विद्यार्थियों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला किल्लेकोडा.में शुक्रवार को वरिष्ठ व्याख्याता वाय. एस. मरकाम द्वारा विद्यार्थियों के लिए नेवता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष ललिता गांवरे, किरण कुल्हार्य, बजंत्री गांवरे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। वहीं माध्यमिक विभाग की ओर से एन. आर. शिवना (प्रधान पाठक), खिलावन उर्वशा (उच्च वर्ग शिक्षक), प्रवीण मानिकपुरी (उच्च



वर्ग शिक्षक), गोयल मैडम (उच्च वर्ग शिक्षक) उपस्थित रहे। हायर सेकेंडरी विभाग से डॉ. बी. एल. साहसी (व्याख्याता), सी. जी. पटेल (व्याख्याता), जे. पी. बांधव (व्याख्याता), घनश्याम पटेल (व्याख्याता), त्रिजिला ठाकुर, मुक्ति मैडम, ललित देवहारी, खगेश ठाकुर सहित अन्य शिक्षकगण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। ज्ञात हो कि इस अवसर पर विद्यालय के लगभग 100 छात्र-छात्राओं को नेवता भोज कराया गया। सभी अतिथियों एवं शिक्षकों ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक की ओर से सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया।

## सामान का पैसे मांगने पर 3 लोगों ने दुकानदार को पीटा, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दुकानदार द्वारा सामान का पैसे मांगने पर तीन लोगो ने दुकानदार से मारपीट कर दिया। जिसके बाद दुकानदार ने तीन लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम सिकोसा निवासी भावेश कुमार गायकवाड पिता अश्वनी गायकवाड 19 वर्ष ने पुलिस को बताया कि ग्राम मोखा मंडई मेला में अपने भाई मनीष बारले के साथ अंडा रोल का दुकान लगाया था। शाम करीबन 07.00 बजे कुनाल यादव और मुकेश कुमार, नीलकमल मेरे दुकान मे नशे की हालत में आये और मुझसे अंडा रोल लेने के बाद उनसे अंडा रोल का पैसा मांगने पर उन्होने पैसा देने से इंकार कर दिया और कहा इसका पैसा नहीं दूंगा, हमारे पास पैसा नही है तुमको जो करना है कर लो, उसके बाद तीनों गाली गलौज देने लगे मेरे द्वारा उन लोगों को गाली गलौज देने से मना करनें पर कुनाल यादव मेरे दुकान के तवा के उपर रखे चटवा से मेरे सिर के पीछे तरफ मारकर चोट पहुंचाया एवं मुकेश कुमार एवं नीलकमल हाथ मुक्का से मेरे साथ मारपीट करनें लगे, तब मेरे भाई मनीष बारले मौके पर बीचबचाव करने आया तो कुनाल यादव मेरे भाई मनीष बारले को भी चटवे से मारपीट किया व उसके साथी मुकेश कुमार व नीलकमल मेरे भाई के साथ हाथ मारपीट कर चोट पहुंचायें हैं, तब मौके पर मौजूद मेरे भाई धर्मेन्द्र कुमार गायकवाड व गांव के सरपंच व जितेन्द्र गायकवाड बीचबचाव किये हैं।

## गुण्डरदेही में "मैं भी कलाम" विज्ञान मेला, नन्हे वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भाठागांव आर मे शुक्रवार को संकल्प एक प्रयास संस्था द्वारा मैं भी कलाम, विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। मेला में कुल 5 केंद्र भाठागांव आर, ख़ुटेरी, बोदल, बरबसपुर व अचौद के नन्हे वैज्ञानिकों ने अपने नवाचारी मॉडल्स और प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

जहां प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम स्थान निहारिका, द्वितीय स्थान शशि यादव तथा तृतीय स्थान प्रियांशी ने प्राप्त की जिन्हें मेडल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विज्ञान मेले में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी बच्चों को उनकी मेहनत और लगन के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में संकल्प टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिसमे गोमती, छवि, प्रियंका, चांदनी व कम्युनिटी टीचर्स सुषमा, मंताशा, स्वाती, मधु, जागृति, सोनम, गणिका, लक्ष्मी, युक्ति, भूमिका, ख़ेमलता व ओमेश्वरी शामिल है। कार्यक्रम मे शामिल सरपंच रूपेश्वर यादव ने कहा कि यह आयोजन न केवल बच्चों की वैज्ञानिक सोच को प्रदर्शित करने का मंच बना, बल्कि समुदाय और स्कूल के बीच के जुड़ाव को भी मजबूती प्रदान की। इस अवसर पर स्कुल के समस्त शिक्षक व शाला विकास समिति के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।



## भाई-भाई में जमीन विवाद को लेकर मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ भाई और भाभी के खिलाफ कराई रिपोर्ट दर्ज

जमीन विवाद के चलते एक भाई ने दूसरे भाई के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अपने भाई व भाभी के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गुण्डरदेही मे ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर कार्यरत ग्राम मटिया निवासी गुरुवेन्द्र डहरे पिता नेमीचंद डहरे उम्र 30 वर्ष ने पुलिस को बताया कि घर में मेरे पिता नेमीचंद डहरे, माता अमृत बाई, मंझला भाई विनय डहरे उसकी पत्नी रितु डहरे तथा छोडा भाई ज्योतिरादित्य सभी लोग घर में मौजूद थे, पारिवारिक बातचीत के दौरान मेरे द्वारा गुण्डरदेही मे जमीन खरीद कर मकान निर्माण कराया जा रहा है इस बात पर मेरे मंझले भाई विनय डहरे और उसकी पत्नी रितु डहरे द्वारा विवाद करते हुए माता पिता के हिस्से की जमीन में तुमको कोई हिस्सा नही मिलेगा बोलने लगे, जिस पर मेरे द्वारा आपत्ती किया गया तो मंझले भाई की पत्नी रितु डहरे मुझे गालियां देने लगी तथा इस घर से निकलकर कर गुण्डरदेही में जाकर रहो बोलने लगी, मैने उसे गाली गलौज करने से मना किया तब मेरा मंझला भाई विनय डहरे भी मुझे गालियां देते हुए मेरा कालर पकड कर मुझे हाथ मुक्के से मारपीट कर चोंट पहुंचाया है। मारपीट से मुझे चेहरा गले में दोनों हाथ की कोहनी में एवं बांया पैर के अंगुठा में चोट आया है दर्द हो रहा है।

## संजारी में छात्राओं को मिल रहा रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी में छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण प्रशिक्षक लिलेश्वर कुमार द्वारा प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ किसी भी अप्रिय परिस्थिति का सामना कर सकें।

विद्यालय के प्राचार्य गुलाबचंद नायक ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत सरकारी स्कूलों में



अध्ययनरत बालिकाओं को आत्मरक्षा के आवश्यक गुण सिखाए जा रहे हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से छात्राओं को जूडो-कराटे सहित अन्य मार्शल आर्ट्स की बुनियादी तकनीकों से परिचित कराया जा रहा है, जिससे वे अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें। व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर ने जानकारी दी कि इस योजना का मुख्य लक्ष्य छात्राओं में आत्मविश्वास विकसित करना, उनमें साहस की भावना पैदा करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिवार ने इस पहल को बालिकाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### देवरी ख में दो दिवसीय संगीतमय हरिकीर्तन कथा आज से

**अंडा।** ग्राम देवरी (ख), तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद (छत्तीसगढ़) में दो दिवसीय संगीतमय हरिकीर्तन कथा एवं विशाल भोजन भंडारा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 25 जनवरी (रविवार) व 26 जनवरी (सोमवार) को संपन्न होगा।



कार्यक्रम में प्रवचन कर्ता श्री कामता प्रसाद शरण जी (कुरेरादादर, जिला गरियाबंद) अपने ओजस्वी प्रवचनों एवं संगीतमय हरिकीर्तन कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, संस्कार और आध्यात्मिक ज्ञान से सराबोर करेंगे। कथा के दौरान भजन-कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन एवं धार्मिक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। आयोजन स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भोजन भंडारे की व्यवस्था की गई है, जिसमें सभी धर्मप्रेमी नागरिक सपरिवार सहभागी बन सकेंगे। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम ग्राम एवं आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक चेतना, आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का कार्य करेगा। आयोजन समिति द्वारा क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है।

### अंडा में होगी दो दिवसीय जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता

**अंडा।** ग्राम आबादी पारा अंडा में दो दिवसीय जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 26 एवं 27 जनवरी 2026 को सोमवार एवं मंगलवार को संपन्न होगा। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के कलाकारों द्वारा जस गायन और झांकी की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह एवं दीप प्रज्वलन 25 जनवरी 2026, रविवार को सायं 7 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिससे क्षेत्र की लोक संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा मिलेगा। इस आयोजन में जय मां शीतला ग्राम सेवा भजन मंडली बस्ती पारा अंडा, जय मां नारी शक्ति महिला सेवा भजन मंडली इतवारी बाजार चौक अंडा तथा दीप किरण जस झांकी मंडली का विशेष सहयोग रहेगा। यह जानकारी राजेश धीवर ने दी। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टिकेश्वरी देशमुख उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता दाऊ राधे श्याम चंद्राकर द्वारा की जाएगी। विशेष अतिथि के रूप में डॉ सुदामा चंद्राकर, अजीत चंद्राकर, दिग्विजय सिन्हा सरपंच, यशवंत बंजारे, (उपसरपंच) दाऊ रामचरण चंद्राकर, पुकेश चंद्राकर, पुकेश चंद्राकर, जिला सेवा सहकारी मर्यादित अंडा गोपाल साहू पंच तथा हेमंत चौहान की उपस्थिति रहेगी।

### कॉलेज में मनी बसंत पंचमी



**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरुर जिला बालोद में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजन अर्चना महाविद्यालय में विधिवत किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से महाविद्यालय एचओडी मुरली कुमार सिन्हा, प्रभारी प्राचार्य दामिनी सोनभद्र, रामस्वरूप सिन्हा, अश्वनी कुमार साहू, पामेश्वरी सेन, उपासना गंजीर, तेजेश्वर सिन्हा, दीपिका निषाद, नरेंद्र कुमार खोबरागड़े, हुमन जंजीर, राकेश कुमार पारकर साथ ही महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्रओं जिनकी उपस्थिति में कार्यक्रम संपादित किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**प्रशिक्षण : डीजीएमएस मानकों पर आधारित बीईएमएल मशीनों के संचालन व अनुरक्षण पर दिया प्रशिक्षण**

# दल्ली राजहरा में खान सुरक्षा को लेकर हुआ तीन दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्ली राजहरा

- 117 ऑपरेटरों व कर्मियों ने लिया हिस्सा, सुरक्षा व उत्पादन पर रहा फोकस

डीजीएमएस द्वारा निर्धारित खान सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए भारत हेवी अर्थ मूविंग मशीनों के संचालन एवं अनुरक्षण से संबंधित तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के एमव्हीटी सेंटर सभागार में किया गया। इस प्रशिक्षण में भिलाई इस्पात संयंत्र की दल्ली राजहरा, क्षरणदल्ली एवं नंदनी खदानों के मशीन ऑपरेटरों एवं अनुरक्षण कर्मियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। तीन दिनों में कुल 117 कर्मचारियों ने इस प्रशिक्षण का लाभ उठाया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राजहरा खदान के मुख्य महाप्रबंधक बी.आर. गहरवाल, भिलाई इस्पात संयंत्र तथा बीईएमएल लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक नागपुर ओंकारनाथ और जिला प्रबंधक भिलाई निशांत कुमार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण को सफल बनाने में बीईएमएल लिमिटेड के संजीव यादव सहायक महाप्रबंधक बिलासपुर, गोपी कामिनेनी सहायक महाप्रबंधक नागपुर, वेंकटेशन सेवा अभियंता नागपुर तथा चिरंजीत हलदर सेवा अभियंता बीईएमएल मार्क दल्ली राजहरा खदान का विशेष योगदान रहा।



**ये रहे उपस्थित**

प्रशिक्षण के प्रथम दिन जयप्रकाश महाप्रबंधक प्रभारी राजहरा खदान, मयाराम ठाकुर महाप्रबंधक प्रभारी (खनन एवं सेवा) लौह अयस्क समूह राजहरा तथा बीरेंद्र कुमार उपमहाप्रबंधक व्हीटी लोह अयस्क समूह राजहरा उपस्थित रहे। दूसरे दिन एन.के. साहू महाप्रबंधक (खनन एवं सेवा) लोह अयस्क समूह राजहरा की उपस्थिति रही। तीसरे दिन बिपिन कुमार महाप्रबंधक प्रभारी दल्ली खदान एवं मयंक दुबे सहायक (खनन एवं सेवा) लोह अयस्क समूह राजहरा मौजूद रहे।

**प्रशिक्षण के महत्व पर डाला प्रकाश**

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर बी.आर. गहरवाल मुख्य महाप्रबंधक राजहरा खदान एवं ओंकारनाथ क्षेत्रीय प्रबंधक नागपुर ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ उत्पादन में कर्मचारियों की अहम भूमिका को रेखांकित किया। साथ ही भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान तीनों दिनों में आयोजित प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। समापन से पूर्व निशांत कुमार जिला प्रबंधक बीईएमएल लिमिटेड भिलाई एवं गोडविन विविलिया मार्क प्रभारी बीईएमएल लिमिटेड दल्ली राजहरा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन एवं बीरेंद्र कुमार उपमहाप्रबंधक व्हीटी लोह अयस्क समूह राजहरा के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



## स्काउट-गाइड व प्रभारी लीडर सड़क सुरक्षा में उत्कृष्ट योगदान, सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडी

- दोपहिया चालकों को हेलमेट और ट्रैफिक नियमों की दी गई जानकारी

डौंडी के मुख्य सड़क मार्ग पर विकास खंड डौंडी के स्काउट एवं गाइड के द्वारा दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट जागरुकता, तीन सवारी ना चलाने हेतु जागरूकता, एवम्‌ पंचायत चुनावों में लगी गाड़ियों के ट्रैफिक कंट्रोल अभियान चलाया गया था।

उन सभी स्काउट, गाइड व प्रभारियों के सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के मुख्य आतिथ्य एवं माननीय परिवहन मंत्री केदार कश्यप जी के अध्यक्षता में दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में सड़क सुरक्षा सप्ताह में सेवा कार्य करने वाले जिला बालोद जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार, जिला बालोद सचिव श्री के एल गजेंद्र, डीओसी प्रेमलता चंद्राकार गाईड, नेम सिंह साहू स्काउट के निर्देशन मे 17 स्काउट/रोवर 20 गाइड/रेंजर एवं 04 प्रभारी शिक्षक कुल 41 प्रतिभागी शामिल हुए है।

जिसमें विकास खंड डौंडी के शिक्षा अधिकारी पी.चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में डौंडी से 28 बच्चे व 3 प्रभारी शामिल हुए साथ ही सेजेस डौंडी, बालक शाला डौंडी, विवेकानंद हाई स्कूल डौंडी हायर सेकेंड्री कुवागोदी, सेजेस नया बाजार राझरा, स्कूल के स्काउट गाइड विद्यार्थी, प्रभारी के रूप में तनुजा बंजारे (प्रधान पाठक) कन्या आश्रम डौंडी, गायत्री देवांगन (व्याख्याता) डौंडी, नेमीचंद बढ़ाई (व्याख्याता) विवेकानंद हाई स्कूल डौंडी, इस उपलब्धि पर बीआरसीसी एस शर्मा सर, सभी विद्यालय के प्राचार्य, विकास खंड सचिव सेवा राम प्रेमन के द्वारा बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किया गया।

## ग्राम जरवाय में झांकी गायन उत्सव में युवाओं ने सांस्कृतिक रंग बिखेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/कलंगपुर

ग्राम जरवाय में युवा समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वधान में रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम जस परिवार बोथा जालबंधा की जस झांकी गायन उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी थे। अध्यक्षता जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू ने किया।

विशेष अतिथि सरपंच रूपेश कुमार यादव भाठागांव, सरपंच जरवाय हेमपुष्पा पटेल, सेवासहकारी समिति अध्यक्ष देवकुमार साहू थे। पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परम्परा के अनुसार छत्तीसगढ़ में 12 महीना में छत्तीस प्रकार के त्यौहार मनाए जाते हैं जिसमें 56 कोटि देवी देवताओं का वास होता है परोप कार्य करना मानव का धर्म है, समाजिक एकता को बल देते हुए युवाओं से नशापान से दूर रहकर सामाजिक समाज हित में कार्य करने की अपील की एवं युवाओं से अपने सम्मान, अधिकार और भविष्य के लिए आगे आने का आहवान किया।





इस अवसर पर नरेन्द्र साहू, मोनू सेन, दीपक पटेल, जनक साहू, उमेश साहू, नागेन्द्र, विकास, लक्की, राकेश, राहुल, विजय, किशोर, हेमलाल सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## बसंत पंचमी व वार्षिक स्नेह सम्मेलन में बच्चों की प्रतिभा का रंगारंग प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शिक्षा के मंदिर में जब ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की वंदना और बच्चों की कलात्मक प्रतिभा का मेल होता है, तो वह दृश्य अत्यंत प्रेरणादायी बन जाता है। कुछ ऐसा ही नजारा ग्राम रनचरई और परसदा में देखने को मिला, जहां प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के संयुक्त तत्वावधान में बसंत पंचमी एवं वार्षिक स्नेह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।

स्नेह सम्मेलन में मुख्य अतिथि बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर सम्मिलित हुईं। उनके आगमन पर शाला प्रबंधन समिति और ग्रामीणों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात स्कूली छात्र–छात्रओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छत्तीसगढ़ी लोक कला की विभिन्न विधाओं पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा वार्षिकोत्सव बच्चों के भीतर छिपी बहुमुखी प्रतिभा को निखारने का एक मंच है। हमारी सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और स्कूलों में बेहतर बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए संकल्पित है। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को मोबाइल की दुनिया से बाहर निकालकर शिक्षा और खेलकूद और अन्य गतिविधियों के प्रति प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर शासकीय माध्य एवं प्राथ शाला रनचिरई के कार्यक्रम में जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी सभापति, जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू, सरपंच रूखमणि निर्मलकर, उपसरपंच डेविड साहू, गजेन्द्र निर्मलकर, अध्यक्ष शाला विकास समिति हेमन्त साहू, प्रधानपाठक जितेन्द्र साहू, मोहन लाल साहू शामिल हुए। वहीं शासकीय प्राथ शाला परसदा (डग) के कार्यक्रम में सभापति जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्यकौशल किशोर साहू, सरपंच सत्यवती साहू, उपसरपंच लिलेश्वर साहू, अध्यक्ष शाला विकास समिति नीलांबर साहू, प्रधानपाठक महेश चंद्राकर, प्राचार्य हाई स्कूल नूतन गुप्ता समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।





## धनोरा में श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

श्रीराधा-कृष्ण मंदिर समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से मां शितला प्रांगण पर श्री मद्भागवत कथा प्रारंभ हर साल की भांति इस वर्ष भी हमारे गांव धनोरा मे भागवत कथा का आयोजन किया गया है यह आयोजन मंदिर समिति की ओर से 67 वर्ष से लगातार चलते आरहे है माघी पूर्णिमा के अवसर पर एवं 1 फरवरी को माघी पूर्णिमा मेला एवं रात्रि में छत्तीसगढ़ के मशहूर नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है इस दिन दुर दुर से सभी के घरो पर माघी मेला देखने सगा पहुना आते हैं।



श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति की ओर से विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया है आगे बताया कि मंदिर समिति के श्री मनसुखा साहू जी ने की बसंत पंचमी के रात्रि में श्री राधा कृष्ण सेवा एवं फाग मंडली धनोरा के द्वारा मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर के पुजा पाठ करके फाग गीत गाया गया सभी श्रद्धालु गन सुनकर नाचने झुमने लगगे भागवत कथा आरंभ से पहले शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें सभी माताए सिर पर कलश लेकर एवं एक ही कलर के साड़ी पहन कर कतार बध चलते रहे एवं जयकारे लगाते हुए हेमंत साहू के भंजन मंडली साथ साथ भजन कीर्तन करते हुए पुरे गांव के भ्रमण किया गया फिर वापिस कथा स्थल मे आकर शोभा यात्रा समाप्त किया गया श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति के अध्यक्ष रोहित झब्बू साहू एवं मनसुखा साहू ने यह जानकारी दी।

## पुराने बस स्टैंड में 75 वर्षों की परंपरा जीवंत बसंत पंचमी पर हुई होलिका की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

नगर के पुराने बस स्टैण्ड में बसंत पंचमी के दिन परंपरागत रूप से होलिका की स्थापना की गई। पुराना बस स्टैण्ड व्यापारी संघ, वार्डवासी एवं नगर के वरिष्ठजनो की उपस्थिति में होलिका की स्थापना के दौरान अंडी की टहनी लगाया गया। बीते 75 सालो से पुराने बस स्टैण्ड में बसंत पंचमी के दिन होलिका की स्थापना किये जाने की परंपरा रही है। पूर्व में बसंत पंचमी के दिन होलिका स्थापना के साथ होलिका दहन के दिन तक लकड़ी एकत्रिकरण का कार्य किया जाता था। होलिका दहन समिति के सदस्य घर घर से लकड़ी एकत्रित करते थे एवं वार्डवासी व नगर वासी होलिका स्थल पर लकड़ी लाकर रखते थे। अब स्वरूप बदला है। घर घर जाकर लकड़ी लेने की परंपरा समापन की ओर है लेकिन वार्डवासी व नगरवासी द्वारा होलिका स्थल पर लकड़ी व कंडा लाने की परंपरा का आज भी कायम रखे है। होलिका का दहन के दिन विधि विधान से पूजन कर होलिका दहन किया जाएगा।



**राष्ट्रीय बालिका दिवस पर उतई में महिला जागृति शिविर आयोजित**

## बालिकाओं को स्वास्थ्य व शिक्षा के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

परियोजना दुर्ग ग्रामीण के सेक्टर उतई में परियोजना स्तरीय राष्ट्रीय बालिका दिवस सह महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू रहीं। वहीं विशेष अतिथि के रूप में पार्षदगण रमशिला नेताम, विजयलक्ष्मी साहू, सविता गौतम, संगीत रजक, लता सोनवानी एवं ममता चंद्राकर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के आरंभ में परियोजना अधिकारी उषा झा ने बालिकाओं को एनीमिया के कारण, लक्षण एवं उपचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आयरन एवं विटामिन युक्त भोजन जैसे पालक, दाल, ड्राई फ्रूट्स आदि के सेवन की सलाह दी। सेक्टर उतई की पर्यवेक्षक प्रमिला वर्मा ने छात्राओं को विभिन्न विषयों पर जागरूक करते हुए गुड टच-बैड टच के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि लड़कियों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा लड़कों के लिए 21 वर्ष निर्धारित है। नपं अध्यक्ष सरस्वती साहू ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए छात्राओं को पढ़ाई में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पर्यवेक्षक तृप्ति शर्मा ने किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए माहवारी स्वच्छता तथा अंकुरित अनाज के सेवन के लाभ बताए। रक्षा टीम द्वारा आत्मसुरक्षा के तरीके बताए गए। वहीं डॉ. दुर्गेश वर्मा ने बच्चों को सही पोषण व्यवहार के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत रैली निकाली गई। किशोरी बालिकाओं के लिए बालिका सशक्तिकरण विषय पर रंगोली, ड्राइंग एवं मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम निशा, द्वितीय प्रियंका एवं तृतीय स्थान तेजल साहू ने प्राप्त किया। ड्राइंग प्रतियोगिता में वैष्णवी एवं कनिष्का तथा मेहंदी प्रतियोगिता में खनक एवं पायल को पुरस्कृत किया गया।



**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उतई के प्राचार्य होरीलाल साहू, भोजराज साहू, रेणुका सिंह, तारकेश्वरी देवांगन, टोमेश्वरी यादव, शालिनी सिंह, सावित्री यादव, विभा चंद्राकर, पुष्पा साहू, किरण देवांगन, सुचित्रा निर्मलकर, मोनिका साहू, द्रौपदी चंपा साहू, प्रज्ञा ठाकुर, मनीषा बंजारे, गीता साहू सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

